## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद–फतेहपुर मे जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की दिनांक–01.07.2025 को आहूत समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 01.07.2025 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी जिसमें निम्न अधिकारी / सदस्य उपस्थित रहें–

- श्री प्रमोद सिंह चन्द्रौल, जिला विकास अधिकारी, फतेहपुर।
- श्री अनुराग गौतम, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।
- श्री अरविन्द कुमार ध्रवंश, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।
- श्री कृष्ण कुमार खरे, डी0पी0एम0, मेधज टेक्नो कान्सेप्ट, कलस्टर–प्रयागराज, फतेहपुर।
- श्री राकेश कुमार वर्मा, प्रो0 मैनेजर, मे0 गायत्री रैमकी (जे0वी0), जनपद यूनिट फतेहपुर।
- श्री गिरि बाबू, प्रो0 मैनेजर, मे0 पावर मेक प्रोजेक्ट लिमिटेड (जे0वी0), जनपद यूनिट फतेहपुर।
- श्री कृष्ण मौर्या, प्रो0 मैनेजर, मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), जनपद यूनिट फतेहपुर।
- श्री राजमुनि यादव, जिला समन्वयक, जिला परियोजना, प्रबन्धन इकाई, फतेहपुर।
- श्री गनेश कुमार, मे0 गायत्री रैमकी (जे0वी0), जनपद यूनिट फतेहपुर।
- श्री मनोज कुमार तिवारी, प्रो0 मैनेजर, मे0 पावर मेक प्रोजेक्ट लिमिटेड (जे0वी0), जनपद यूनिट फतेहपुर।
- श्री देव भाविक, प्रो0 मैनेजर, मे0 पावर मेक प्रोजेक्ट लिमिटेड (जे0वी0), जनपद यूनिट फतेहपुर।
- श्री हरिओम, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।

समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा विगत माह समीक्षा के दौरान दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा किये गये लक्ष्य पूर्ति का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसकी समीक्षा के उपरान्त अगले माह हेतु कार्यदायी संस्थाओं को लक्ष्य दिया गया जो निम्नवत है–

| फर्म का नाम | कार्य समय | टयूब वेल | पम्प | सोलर | इलेक्ट्रिसिटी | पम्प हाउस | पइप लाइन (कि0मी0 में) | OHT | रोड रेस्टोरेशन (कि0मी0) | रेगुलर वाटर सप्लाई (ग्राम) | HGJ (ग्राम) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| मे० पावरमेक – मे० भूरथनम (जे०वी०) | कुल लक्ष्य | 452 | 452 | 341 | 111 | 452 | 5345 | 427 | 3299 | 425 | 733 |
| | 30 जून तक कुल उपलब्धि | 445 | 322 | 180 | 70 | 352 | 5055 | 140 | 3157 | 88 | 59 |
| | 28 अप्रैल का लक्ष्य | 10 | 9 | 16 | 10 | 10 | 35 | 14 | 20 | 17 | 17 |
| | लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति | 3 | 6 | 8 | 5 | 16 | 10 | 12 | 0 | 12 | 4 |
| | माह जुलाई का लक्ष्य | 3 | 9 | 10 | 7 | 10 | 25 | 10 | 15 | 12 | 17 |
| मे० बाबा जी० ए० इन्फ्रा (जे०वी०) | कुल लक्ष्य | 77 | 77 | 39 | 38 | 77 | 954 | 68 | 557 | 67 | 122 |
| | 30 जून तक कुल उपलब्धि | 74 | 69 | 29 | 18 | 62 | 885 | 27 | 540 | 4 | 9 |
| | 28 अप्रैल का लक्ष्य | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 20 | 6 | 3 | 5 | 3 |
| | लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति | 1 | 1 | 2 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 0 | 3 |
| | माह जुलाई का लक्ष्य | – | 3 | 5 | 2 | 4 | 0 | 7 | 4 | 5 | 4 |
| मे० गायत्री – रैमिकी (जे०वी०) / सबलेट्स | कुल लक्ष्य | 190 | 190 | 161 | 29 | 190 | 1528 | 170 | 1067 | 170 | 325 |
| | 30 जून तक कुल उपलब्धि | 190 | 176 | 118 | 25 | 175 | 1514 | 103 | 1033 | 82 | 80 |
| | 28 अप्रैल का लक्ष्य | 0 | 5 | 3 | 3 | 8 | 5 | 5 | 10 | 10 | 6 |
| | लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति | 0 | 3 | 3 | 2 | 5 | 2 | 2 | 2 | 3 | 6 |
| | माह जुलाई का लक्ष्य | – | 6 | 5 | 2 | 5 | 4 | 5 | 4 | 10 | 10 |

**1. मे0 पावरमेक– मे0 भूरथनम (जे0वी0)–**

मे0 पावरमेक भूरथनम (जे0वी0) को 10 ट्यूबवेल बोर करने का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष उपलब्धि 03 रही। प्रगति सन्तोषजनक न होने के सम्बन्ध में चेतावनी दी गयी। संस्था के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि माह जुलाई तक सभी अवशेष बोर पूर्ण कर लिये जायेंगे। रोड रेस्टोरेशन 20 के सापेक्ष 0 रही जिस पर संस्था को

चेतावनी दी गई। सोलर पैनल, इलेक्ट्रिसिटी, पाइप लाइन तथा हर घर जल की प्रगति सन्तोषजनक नही रही जिसके लिये चेतावनी दी गयी। निर्देशित किया गया कि दिये गये लक्ष्य की पूर्ति करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– मे0 पावरमेक– मे0 भूरथनम (जे0वी0)

2. मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा–

मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा का ट्यूबवेल व ओ0एच0टी0 तथा हर घर जल मे लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि पूर्ण पायी गई जबकि रोड़ रेस्टोरेशन सहित अन्य मदो मे उपलब्धि अत्यन्त खराब पायी गई जिसके लिये सचेत किया गया कि अगले माह लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही–मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी)

3. मे0 गायत्री रैमकी (जे0वी0)–

मे0 गायत्री रैमकी का ट्यूबवेल का कार्य शतप्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। सोलर पैनल एवं हर घर जल छोडकर शेष मदो मे लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि अत्यन्त खराब रही जिसके लिये सचेत किया गया कि भविष्य मे लक्ष्य की पूर्ति करना सुनिश्चित करे।

(कार्यवाही–मे0 गायत्री रैमकी (जे0वी0)

4. हर घर जल प्रमाणीकरण की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्थाओं द्वारा अवगत कराया गया कि हर घर जल प्रमाणीकरण मे कुछ प्रधानो व सचिवों द्वारा हीला–हवाली की जा रही है, जिसके सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामो में इस प्रकार की समस्या हो उसकी सूची अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध करायी जायें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व/डी0पी0आर0ओ0)

5. डी0पी0एम0–टी0पी0आई0 मेधज टेक्नो कान्सेप्ट द्वारा बैठक में एन0सी0 की एजेन्सियों की रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत किया गया जो निम्नवत है–

| TKC Name | Date | Critical NC | Critical Complaince |
|---|---|---|---|
| M/s Gayatri – Ramky (JV) | 28.04.2025 | 311 | 75 |
| | 01.07.2025 | 221 | 96 |
| M/s GA Infra – Baba (JV) | 28.04.2025 | 141 | 57 |
| | 01.07.2025 | 152 | 64 |
| M/s PMPL – BRCCPL (JV) | 28.04.2025 | 735 | 218 |
| | 01.07.2025 | 807 | 248 |
| Overall | 28.04.2025 | 1187 | 350 |
| | 01.07.2025 | 1180 | 408 |

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि किसी भी कार्यदायी संस्था द्वारा एन0सी0 का सन्तोषजनक अनुपालन नही किया गया है तथा निर्देशित किया गया है कि अगली बैठक में एन0सी0 के सापेक्ष पूर्व के फोटोग्राफ व एन0सी0 निस्तारण के बाद की फोटोग्राफ के साथ विवरण प्रस्तुत करेंगे। सभी कार्यदायी संस्थाओं को निस्तारण में प्रगति लाने हेतु सचेत किया गया।

(कार्यवाही–समस्त कार्यदायी संस्थायें)

6. जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायते प्राप्त हो रही है कि कार्य धीमी गति से किया जा रहा है। गर्मी की दृष्टि से मैनपावर को बढ़ाते हुये पेयजल सुविधाओं हेतु कार्य को प्राथमिकता से करायें साथ ही कार्य पूर्ण कराते हुये रोड रेस्टोरेशन की कार्यवाही नियमानुसार कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कार्यदायी संस्थायें)

7. रोड़ रेस्टोरेशन कार्य की समीक्षा के उपरान्त पाया गया कि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा 1180 ग्रामो के सापेक्ष मात्र 642 ग्रामो मे ही रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है रोड़ रेस्टोरेशन के कार्य मे सुधार हेतु चेतावनी दी गई। रोड़ रेस्टोरेशन की स्थिति निम्नवत पायी गयी है–

| फर्म का नाम | कुल आवंटित ग्राम | माह जून तक उपलब्धि (ग्राम) | कुल अवशेष ग्रामो की संख्या | माह जुलाई हेतु लक्ष्य (ग्राम) |
|---|---|---|---|---|
| मे० पावरमेक – मे० भूरथनम (जे०वी०) | 733 | 351 | 382 | 40 |
| मे० बाबा जी० ए० इन्फ्रा (जे०वी०) | 122 | 83 | 39 | 4 |
| मे० गायत्री – रैमिकी (जे०वी०) / सबलेट्स | 325 | 208 | 117 | 10 |
| कुल | 1180 | 642 | 538 | 54 |

निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक कार्यदायी संस्था अवशेष रोड़ रेस्टोरेशन मे माहवार रोड़ रेस्टोरेशन पूर्ण किये जाने की सूचना दे।

8. कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के क्रम मे निर्देशित किया गया कि कार्य की गुणवत्ता व मानक के अनुसार सामग्री के प्रयोग पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा ससमय निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति की जायें। शासनादेशो एवं निर्गत पत्रो के क्रम मे अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) गुणवत्ता सुनिश्चित करायें व माहवार निरीक्षण की संख्या भी रखे।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कार्यदायी संस्थाये)**

9. सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक ग्राम पेयजल योजना से सम्बन्धित विद्यालयों, आंगनबाडी केन्द्रो, आयुषमान केन्द्रो/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो व समस्त सार्वजनिक केन्द्रो पेयजल हेतु नल का कनेक्शन दिया जाना सुनिश्चित करें। तथा इसकी प्रगति का विवरण विकास खण्डवार कार्य योजना के साथ पृथक से प्रस्तुत करें साथ ही सम्बन्धित विभागाध्यक्ष से क्रास चेक भी करायें।

**(कार्यवाही– समस्त कार्यदायी संस्थायें व अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)**

10. नियमित पेयजल आपूर्ति की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था पावर मेक भूरथनम के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि धरमपुर सातो, सुल्तानपुर सातो, घूरी बुजुर्ग और पैरी नरवां विकास खण्ड हसवां में विद्युत आपूर्ति पर्याप्त न होने के कारण जलापूर्ति भी पर्याप्त नही हो पाती है जिस कारण ग्रामवासियों द्वारा शिकायत की जाती है। निर्देशित किया गया कि सहायक अभियन्ता (वि0यां0) जल निगम (ग्रामीण), एस0डी0ओ0 विद्युत हसवां, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) हसवां की संयुक्त समिति से जॉच करा कर आख्या प्रस्तुत की जायें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)**

11. सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि उनको आवंटित प्रत्येक ग्राम पेयजल योजना का योजनावार, मदवार कार्यप्रगति का विवरण फोटोग्राफ सहित बुकलेट बनाकर आगामी बैठक मे समीक्षा हेतु प्रस्तुत करेंगे। तथा प्रत्येक योजना का ओ0एच0टी0, तथा पम्प हाउस का स्टेजिंग वाइज फोटोग्राफ सहित पृथक से विवरण प्रस्तुत करेंगे।

**(कार्यवाही– समस्त कार्यदायी संस्थायें व अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)**

12. यदि किसी साइट पर 15 दिनों से कार्य बन्द है तो उसको भी शुरू कराने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही– समस्त कार्यदायी संस्थायें व अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)**

13 रोड़ रेस्टोरेशन का सत्यापन एवं आई0एस0ए0 संस्थाओं द्वारा की जा रही गतिविधियों की मासिक सत्यापन आख्या बैठक मे प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)**

14 जहॉ पर सलाइन वाटर की समस्या है एवं कार्य प्रारम्भ नही हुआ है वहॉ पर नियमानुसार अन्य स्थल का चयन समन्वय स्थापित करते हुये या Revised DPR स्थलीय निरीक्षणोपरान्त आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)**

इसी के साथ बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(पवन कुमार मीना)
मुख्य विकास अधिकारी
फतेहपुर

पृ0सं0: 4017/ M-9 /35 दिनांक: 25-07-2025

**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ।
2. मण्डलायुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज महोदय की सेवा में सादर अवलोनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. जिलाधिकारी महोदय, फतेहपुर को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
5. जिला विकास अधिकारी, फतेहपुर।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, फतेहपुर।
7. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।

4

8. अधिशासी अभियन्ता, यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
9. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (DPMU),फतेहपुर।
10. डी0पी0एम0, मे0 मेघज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 प्रयागराज, क्लस्टर फतेहपुर।
11. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0गायत्री–रैमकी (जे0वी0) जनपद–फतेहपुर।
12. प्रोजेक्ट मैनेजर,मे0 पावरमेक / भूरथनम (जे0वी0) जनपद यूनिट फतेहपुर।
13. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी0ए0इन्फ्रा (जे0वी0) जनपद यूनिट फतेहपुर।

मुख्य विकास अधिकारी
फतेहपुर